स्टेट वेटलैंड अथॉरिटी की छठी बैठक में लिए गए कई महत्त्वपूर्ण निर्णय

चर्चा में क्यों?

24 अगस्त, 2023 को राजस्थान के वन एवं पर्यावरण मंत्री हेमाराम चौधरी की अध्यक्षता में स्टेट वेटलैंड अथॉरिटी की छठी बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें वेटलैंड संरक्षण के लिए कई महत्त्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

प्रमुख बिंदु

- बैठक में लिए गए महत्त्वपूर्ण निर्णय:
    - प्रदेश में वर्तमान में 67 वेटलैंड अधिसूचित हैं, इन्हें बढ़ाकर 100 किया जाएगा।
    - प्रदेश में वर्तमान में अंतर्राष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त 2 रामसर साइट्स सांभर लेक एवं केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान हैं। अब चांदलाई (जयपुर), खीचन (जोधपुर), लूणकरणसर (बीकानेर), मीनार तालाब (उदयपुर) एवं कनवास पक्षी विहार (कोटा) को भी रामसर साइट की सूची में सम्मिलित करने का प्रस्ताव भारत सरकार को भेजा जाएगा।
    - बैठक के दौरान सांभर लेक वेटलैंड, केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान एवं अधिसूचित वेटलैंड के सीमा निर्धारण, डिजिटल मैप, प्रबंध योजना एवं अन्य संरक्षण व विकास कार्यों के लिए 9 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत की गई।
    - बैठक में सांभर लेक वेटलैंड के संरक्षण कार्यों का ब्योरा प्रस्तुत किया गया। यहाँ पक्षियों के लिए एक स्थायी उपचार केंद्र बनाए जाने, पर्यटन हेतु एक योजना तैयार किए जाने तथा गैर-कानूनी नमक उत्पादन संबंधी अतिक्रमणों को मशीन मोड में हटाये जाने के विषय में निर्णय लिए गए।

//

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/several-important-decisions-were-taken-in-the-6th-meeting-of-the-state-wetland-authority